उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक- 20.08.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन पर मिशन शक्ति के विशेष अभियान ( फेज-04 ) के तहत कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण हेतु महिलाओं/बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति महोबा पुलिस द्वारा निरंतर किया जा रहा है जागरुक-

उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं / बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-04) के तहत पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में आज दिनांक 20.08.2024 को जनपद के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा गांव, कस्बा, स्कूल, कालेज सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर भ्रमण कर कर प्राथमिकता के आधार पर महिला/बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल का आयोजन कर वृहद स्तर पर जनजागरुकता अभियान चलाया जा रहा है तथा महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ शक्ति दीदी के रूप में जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है । साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों यथा- वूमेन पॉवर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, एम्बुलेंस सेवा-108, चाइल्ड लाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, महिला हेल्पलाइन-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 तथा सार्थक और सकारात्मक चर्चा कर गुड टच, बैड टच के बारे में, घरेलू हिंसा के बारे में, साइबर अपराधों के बारें में साइबर हेल्पलाइन-1930 आदि सहित कानूनी प्रावधानों एवं उनके अधिकारों इत्यादि के बारें में चर्चा करते हुए शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के विषय में जानकारी देते हुए पम्पलेट प्रदान कर जागरूक किया जा रहा है।



## थाना कोतवाली नगर महोबा की संयुक्त पुलिस टीम ने 03 नफर अभियुक्तों को 02 अदद अवैध तमंचा व 04 अदद जिन्दा कारतूस के साथ किया गिरफ्तार।

श्रीमती अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन पर जनपद महोबा में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत अवैध शस्त्र का निर्माण, बिक्री एवं परिवहन से सम्बन्धित अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग/गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 20.08.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री सत्यम् व क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर महोबा श्री नरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा संयुक्त पुलिस टीम का गठन किया गया।




उ0नि0 देवेन्द्र कुमार ओझा के नेतृत्व में गठित प्रथम पुलिस टीम ने 02 नफर अभियुक्तगण क्रमशः 1.आकाश उर्फ अभिषेक प्रजापति पुत्र मोहनलाल प्रजापति उम्र करीब 20 वर्ष निवासी रामनगर थाना कोतवाली नगर के कब्जे से 01 अदद तमंचा व 01 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर नाजायज 2. दीपू उर्फ दीपक प्रजापति पुत्र बिहारी लाल प्रजापति उम्र करीब 24 वर्ष निवासी रामनगर थाना कोतवाली नगर के कब्जे से 01 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर नाजायज बरामद करते हुये मुकुन्द लाल विद्यालय के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया है।

इसी क्रम में उ0नि0 सुजीत कुमार जायसवाल के नेतृत्व में गठित द्वितीय पुलिस टीम ने 01 नफर अभियुक्त मुकेश प्रजापति पुत्र भूरा प्रजापति उम्र करीब 28 वर्ष निवासी ग्राम मकरबई थाना कबरई को हिरासत में लिया जिसके कब्जे से 01 अदद देशी तमंचा 315 बोर व 02 अदद जिंदा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद करते हुये पीडब्ल्यूडी चौराहे बीजानगर रोड के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया है।




गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्तगण उपरोक्त के विरूद्ध थाना कोतवाली नगर महोबा में क्रमशः मु0अ0सं0- 41**1**/24, मु0अ0सं0 412/24 व मु0अ0सं0 413/24 धारा **3/25** आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया, बाद आवश्यक कार्यवाही गिरफ्तार अभियुक्तों को उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

**गिरफ्तार करने वाली प्रथम पुलिस टीम-**

1. उ0नि0 देवेन्द्र कुमार ओझा चौकी प्रभारी सुभाष, थाना कोतवाली नगर महोबा
2. उ0नि0 अभिनव सिंह 3. का0 लोकेन्द्र कुमार 4.का0 उपेन्द्र कुमार

**गिरफ्तार करने वाली द्वितीय पुलिस टीम-**

**1.** उ0नि0 सुजीत कुमार जायसवाल चौकी प्रभारी भटीपुरा, थाना कोतवाली नगर महोबा
का0 कर्मवीर

## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा ऐतिहासिक कजली मेला एवं जुलूस के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत ड्यूटी में नामित पुलिस/प्रशासनिक अधिकारियों की ब्रीफिंग की गयी, सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश।

ऐतिहासिक कजली महोत्सव के दौरान जनपद में अचूक एवं त्रुटि रहित सुरक्षा उपलब्ध कराये जाने हेतु आज दिनांक **20.08.2024** को कीरत सागर अवस्थित कार्यक्रम स्थल में पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता की अध्यक्षता में कजली मेला महोत्सव को शान्तिपूर्ण व सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था में लगे पुलिस/प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ब्रीफिंग कर डयूटी में लगे अधिकारियों/कर्मचारियों को डयूटी सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

कजली मेला महोत्सव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को अक्षुण्य बनाये रखने के लिये पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के नेतृत्व/निर्देशन पर सुरक्षा के व्यापक स्तर पर पुलिस व्यवस्थापन किया गया है, सुरक्षा को अचूक बनाये रखने के लिये अस्थाई रुप से एक मेला कोतवाली जिसके प्रभारी निरीक्षक श्री बीरेन्द्र प्रताप सिंह बनाये गये हैं साथ ही अस्थाई रुप से तीन चौकियां बनाई गयी है इसके अतिरिक्त सादे वस्त्रों (एल.आई.यू.) में पुलिस बल को तैनात किया गया है एवं विभिन्न परिस्थितियों के लिये **Quick response team (QRT)** गठित की गयी है जो एलर्ट मोड में रहेंगी साथ ही पर्याप्त संख्या में पुलिस बल को रिजर्व के रुप में भी रखा गया है, कार्यक्रम के दौरान अग्नि सुरक्षा से बचाव हेतु उच्च क्षमता वाले फायर टेण्डर को एलर्ट मोड में रखा जायेगा, इसके अतिरिक्त जनपद में याताताय व्यवस्था हेतु आयोजन स्थल के आस-पास सुरक्षा के दृष्टिगत यातायात डायवर्जन किया गया है, यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ एवं त्रुटिरहित बनाये रखने हेतु यातायात पुलिस अधिकारियों / कर्मचारियों की ड्यूटी महत्वपूर्ण प्वाइंटो में लगायी गयी है।

ब्रीफिंग के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता द्वारा पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनके ड्यूटी प्वाइंट्स व उन प्वाइंट्स की संवेदनशीलता के विषय में आवश्यक जानकारियां प्रदान कर ब्रीफ किया गया, निर्देशित किया गया कि सभी सतर्क रहें, अवांछनीय गतिविधि वाला कोई भी व्यक्ति आपकी नजर से बचना नहीं चाहिये, सभी अधिकारी/कर्मचारी एक-दूसरे से समन्वय बना के रखें, जो भी कमियां पायी जाये उनसे उच्चाधिकारियों को तत्काल अवगत कराते हुये उन कमियों को दुरस्त कराना सुनिश्चित करेंगे, सभी अधिकारी/कर्मचारी जनता से मधुर व्यवहार करेंगे कार्यक्रम के दौरान किसी भी प्रकार की किसी भी स्तर पर पायी गयी लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।

